ब अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, डलहौजी, जिला चम्बा (हि0प्र0)

श्री रमेश कुमार पुत्र श्री अमर सिंह पुत्र श्री जगतो, निवासी टप्परी, डाकघर गोली, तहसील डलहौजी (हि0प्र0)।

बनाम

आम जनता

विषय.——प्रार्थना—पत्र बराये नाम दुरुस्ती बारा इश्तहार।

उपरोक्त प्रार्थी ने अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रार्थना—पत्र, अन्य कागजात सहित इस आशय के साथ गुजारा है कि उसके पिता का सही नाम अमर सिंह पुत्र श्री जगतो है। उनकी परिवार नकल ग्राम पंचायत मनोला व आधार कार्ड में सही दर्ज है, लेकिन उनकी मलकीयती भूमि मुहाल गोली पटवार वृत्त मनोला में उनके पिता का नाम अमरो पुत्र जगतो दर्ज है, जोकि गलत है। जिसकी दुरुस्ती की जावे।

इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण जनता को बजरिया इश्तहार सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के पिता के नाम की दुरुस्ती बारे यदि किसी को कोई उजर/एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 30—06—2026 को या इससे पूर्व हाजिर आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जा करके नाम दुरुस्ती के आदेश दे दिये जाएंगे।

आज दिनांक 01—06—2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित/—
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी,
डलहौजी, जिला चम्बा (हि0प्र0)।

———————